Title: Need to give financial assistance to the Government of Madhya Pradesh for undertaking relief measures for the drought-affected people of the State.

**श्री गौरीशंकर चतुर्भुज बिसेन (बालाघाट) :** उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश राज्य के अनेक जिले राज्य शासन द्वारा सूखाग्रस्त घोषित किए जा चुके हैं। इससे वहां रोजगार, पेयजल, जानवरों के लिए चारे का संकट पैदा हो गया है। राज्य सरकार द्वारा रोजगार उन्मूलन कार्यक्रम प्रारम्भ किये गये हैं जो अपर्याप्त हैं। भारत सरकार द्वारा सूखा प्रभावित क्षेत्र का सर्वे नहीं कराया गया न ही पर्याप्त मात्रा में अनाज एवं नगद राशि का आवंटन किया है। यदि युद्धस्तर पर राहत कार्य प्रारम्भ नहीं किये गये तो स्थिति भयावह हो जायेगी।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र की जाये।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Shivraj Singh Chouhan − not present.